
# Why do we need a Parliament?
# (हमें संसद क्यों चाहिए ?)

### पाठगत प्रश्न

**प्रश्न 1.**

संसद की तस्वीर के जरिए कलाकार क्या कहने का प्रयास कर रहा है? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-31]



**उत्तर**

**इस तस्वीर के द्वारा कलाकार यह कहने का प्रयास कर रहा है कि-**

1. सभी व्यक्तियों को अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से संसद तक पहुँचने का अधिकार प्राप्त है।
2. प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह स्त्री हो या पुरुष, हिंदू या मुसलिम या सिख या ईसाई हो सबको निर्वाचित होकर संसद में पहुँचने का अधिकार है।
3. देश का प्रत्येक नागरिक निर्णय प्रक्रिया में शामिल है।

**प्रश्न 2.**

सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार क्यों मिलना चाहिए, इसके पक्ष में एक कारण बताइए। [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-32]

**उत्तर**

**सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार क्यों –**

1. लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी और सहमति को महत्त्व दिया जाता है।
2. इससे सभी वयस्क नागरिक निर्णय प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे।
3. नागरिकों की भागीदारी और सहमति सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से हो सकती है।

**प्रश्न 3.**

क्लास मॉनीटर का चुनाव शिक्षक द्वारा किया जाता है या विद्यार्थियों द्वारा-आपकी राय में इस बात से कोई फर्क पड़ता है या नहीं? चर्चा कीजिए/एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-32]

**उत्तर**

**क्लास मॉनीटर का चुनाव**

1. क्लॉस मॉनीटर का चुनाव शिक्षक द्वारा न करके विद्यार्थियों द्वारा किया जाना लोकतांत्रिक होगा।
2. जिस मॉनीटर का चुनाव विद्यार्थी करेंगे। उस मॉनीटर को विद्यार्थी सहयोग भी करेंगे, क्योंकि वह उनका अपना चुना हुआ प्रतिनिधि है।।
3. जिस मॉनीटर का चुनाव शिक्षक द्वारा किया जाएगा। उस मॉनीटर को विद्यार्थी सहयोग नहीं करेंगे, क्योंकि विद्यार्थियों को लगेगा कि वह उनका अपना प्रतिनिधि नहीं है यह चुनाव उनकी पसंद का नहीं है।

**प्रश्न 4.**

विधायक (एमएलए) कौन होता है और उसका चुनाव कैसे किया जाता है-इस बात को समझाने के लिए 'निर्वाचन क्षेत्र' और 'प्रतिनिधित्व' शब्दों का प्रयोग करें। [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-33]

**उत्तर**

**विधायक ( एम.एल.ए.)**

1. विधान सभा के सदस्यों के चुनाव के लिए राज्य को बहुत सारे निर्वाचन क्षेत्रों में बाँटा जाता है।
2. प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से एक प्रतिनिधि निर्वाचित होता है। यह निर्वाचित प्रतिनिधि विधायक (एम.एल.ए.) कहलाता है।

3. एम.एल.ए. (मेंबर ऑफ लेजिस्टलेटिव असेंबली) का चुनाव जनता द्वारा पाँच वर्षों के लिए किया जाता है।

**प्रश्न 5.**

राज्य विधानसभा संसद (लोकसभा) के बीच क्या फर्क है-इस बारे में अपने शिक्षक के साथ चर्चा कीजिए। [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-33]

**उत्तर**

**अंतर**

1. राज्य विधानसभा चुने हुए विधायकों (एम.एल.ए.) के समूह से बनती है, जबकि संसद (लोक सभा) सांसदों (एम. पी.) के समूह से बनती है।
2. सांसद के (एम.पी.) पूरे देश से चुनकर आते हैं, जबकि राज्य विधानसभा के सदस्य उसी विशेष राज्य से चुनकर आते हैं जिस राज्य की विधानसभा है।

**प्रश्न 6.**

नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन से काम राज्य सरकार के हैं? और कौन से केंद्र सरकार के हैं? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-33]

**(क)** चीन के साथ शांतिपूर्ण संबंध रखा जाएगा।

**(ख)** मध्य प्रदेश में बोर्ड के तहत आने वाले सभी स्कूलों में कक्षा 8 को बोर्ड की परीक्षाओं से बाहर रखा जाएगा।

**(ग)** अजमेर और मैसूर के बीच एक नयी रेलगाड़ी चलाई जाएगी।

**(घ)** 1000 रुपये का नया नोट जारी किया जाएगा।

**उत्तर**

**(क)** केंद्र सरकार

**(ख)** राज्य सरकार

**(ग)** केंद्र सरकार

**(घ)** केंद्र सरकार

**प्रश्न 7.**

निम्नलिखित शब्दों को रिक्त स्थानों में भरें [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-33] सार्वभौमिक वयस्क मताधिकारः विधायकों, प्रतिनिधियों: प्रत्यक्ष रूप से हमारे समय में लोकतांत्रिक सरकारों को आमतौर पर प्रतिनिधिमूलक लोकतंत्र की संज्ञा दी जाती है। प्रतिनिधिमूलक लोकतंत्र में लोग .............. हिस्सेदारी नहीं करते, बल्कि चुनाव प्रक्रिया के जरिए अपने ...................... को चुनते हैं। ये .................पूरी जनता के बारे में मिलकर फैसले लेते हैं। आज के दौर में ऐसी किसी सरकार को लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता जो अपने लोगों को .................... न देती हो। इसका मतलब यह है कि देश के सभी वयस्क नागरिकों को वोट देने का अधिकार होता है।

**उत्तर**

**(i)** प्रत्यक्ष रूप से

**(ii)** प्रतिनिधियों

**(iii)** विधायक

**(iv)** सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार

**प्रश्न 8.**

आप पढ़ चुके हैं कि पंचायत, राज्य विधायिका या संसद के लिए चुने जाने वाले ज्यादातर निर्वाचित प्रतिनिधियों को 5 साल की अवधि के लिए चुना जाता है। ऐसा क्यों है कि जनप्रतिनिधियों को केवल कुछ सालों के लिए ही चुना जाता है, जीवनभर के लिए नहीं? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-33]

**उत्तर**

**निर्वाचित प्रतिनिधियों का चुनाव निश्चित समय के लिए**

1. जीवन भर के लिए प्रतिनिधियों का चुनाव उन्हें निरकुंश बना सकता है।
2. निश्चित अवधि के लिए प्रतिनिधियों का चुनाव लोगों को यह जाँचने, परखने का मौका देता है कि उनका प्रतिनिधि उनके हितों का ध्यान रखता है या नहीं।
3. निश्चित अवधि के चुनाव से प्रतिनिधियों को इस बात का भय रहता है कि यदि उन्होंने जनता के हितों के लिए काम नहीं किया तो अगली योजना में उन्हें हटाया भी जा सकता है।

**प्रश्न 9.**

आप यह पढ़ चुके हैं कि सरकार की कार्रवाइयों पर अपनी सहमति या असहमति व्यक्त करने के लिए लोग केवल चुनावों का ही इस्तेमाल नहीं करते, बल्कि वे दूसरे रास्ते भी अख्तियार करते हैं। क्या आप छोटे से नाटक के जरिए इस तरह के तीन तरीके बता सकते हैं? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-33]

**उत्तर**

**विद्यार्थी, नाटक स्वयं आयोजित करें। नीचे कुछ संकेत दिए गए हैं-**

1. विद्यार्थियों का एक समूह सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जलूस निकालने या नुक्कड़ नाटकों या सार्वजनिक सभाओं के नाटक का मंचन कर सकता है।
2. विद्यार्थियों का एक समूह सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ अखबार में लेख लिखने का मंचन कर सकता है।
3. विद्यार्थियों का एक समूह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ नाटक का मंचन कर सकता है।

**प्रश्न 10.**

नीचे दी गई तालिका के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-35)

**आठवीं लोक सभा के चुनाव का परिणाम ( 1984 )**

| राजनीतिक दल | निर्वाचित सांसदों की संख्या |
|---|---|
| ***राष्ट्रीय दल*** | |
| भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) | 2 |
| भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) | 2 |
| भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (माकपा) | 22 |
| इंडियन कांग्रेस सोशलिस्ट | 4 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 404 |
| जनता पार्टी | 10 |
| लोक दल | 3 |
| ***क्षेत्रीय दल*** | |
| ऑल इंडिया अन्ना द्रमुक | 12 |
| द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) | 2 |
| ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक | 2 |
| इंडियन कांग्रेस (जे) | 1 |
| जम्मू एंड कश्मीर कांफ्रेंस | 3 |
| केरल कांग्रेस (जे) | 2 |
| मुसलिम लीग | 2 |
| पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया | 1 |
| रेवाल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी | 3 |
| तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) | 30 |
| **निर्दलीय** | 5 |
| **कुल योग** | **514** |

**नोट :** 1984 में असम और पंजाब में लोक सभा चुनाव नहीं हुए थे।

**स्रोत :** www.eci.gov.in

**प्रश्न 1.**

कौन सरकार बनाएगा? क्यों?

**उत्तर**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी सरकार बनाएगी, क्योंकि इस पार्टी के पास सर्वाधिक 404 निर्वाचित प्रतिनिधि हैं जो कुल निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या के 50% प्रतिशत से अधिक है।

**प्रश्न 2.**

विपक्ष किसको कहा जाएगा? उसकी क्या भूमिका है?

**उत्तर**

वे सभी राजनैतिक दल जो सरकार में शामिल नहीं है विपक्ष कहलाते हैं; जैसे तेलुगु देशम पार्टी मुख्य विपक्षी दल है। विपक्ष का कार्य सरकार की कमियों को जनता के सामने लाना होता है।

**प्रश्न 3.**

लोक सभा में चर्चा के लिए कौन उपस्थित होंगे?

**उत्तर**

राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों के वे सभी सदस्य जो किसी भी निर्वाचन क्षेत्र से सांसद के रूप में निर्वाचित हुए हैं।

**प्रश्न 4.**

क्या यह प्रक्रिया कक्षा 7 में पढ़ाई गई प्रक्रिया जैसी ही है?

**उत्तर**

हाँ, यह प्रक्रिया कक्षा 7 में पढ़ाई गयी प्रक्रिया जैसी ही है।

**प्रश्न 11.**


पृष्ठ 28 पर दिए गए चित्र में 1962 में हुए तीसरे लोक सभा चुनावों के परिणाम दिखाए गए हैं। इस चित्र के आधार पर निम्नलिखित सवालों के जवाब दें

**(क)** लोक सभा में किस राज्य के सांसद सबसे अधिक हैं? आपके विचार से ऐसा क्यों है?

**(ख)** लोक सभा में किस राज्य के सांसदों की संख्या सबसे कम है?

**(ग)** किस राजनीतिक दल ने सभी राज्यों में सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं?

**(घ)** आपके राज्य में कौन सा दल सरकार बनाएगा? कारण बताएँ।



ELECTION RESULTS FOR LOK SABHA

| STATES | TOTAL SEATS | CONG. | PSP | COMMU. | JANASANGH | SOCIALIST | SWATANTRA | OTHER PARTIES INDEPENDENT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. ANDHRA PRADESH | 43 | 34 | 2 | 7 | | | 1 | |
| 2. ASSAM | 12 | 9 | 1 | | | | | |
| 3. BIHAR | 53 | 32 | 1 | 1 | | 1 | 7 | |
| 4. GUJARAT | 22 | 16 | | | | | 4 | |
| 5. KERALA | 18 | 6 | | 6 | | | | |
| 6. MADHYA PRADESH | 36 | 23 | 3 | | 4 | 1 | | |
| 7. MADRAS | 41 | 31 | | 2 | | | | |
| 8. MAHARASHTRA | 44 | 36 | 1 | | | | | |
| 9. MOISORE | 26 | 24 | | | | | | |
| 10. ORISSA | 20 | 14 | 1 | | | | | |
| 11. PUNJAB | 22 | 18 | | | 3 | 1 | | |
| 12. RAJASTHAN | 22 | 14 | | | 1 | 1 | 3 | |
| 13. UTTAR PRADESH | 86 | 59 | 3 | 2 | 7 | | 3 | |
| 14. WEST BENGAL | 36 | 22 | | 9 | | 1 | | |
| 15. DELHI | 5 | 5 | | | | | | |
| 16. MANIPUR | 2 | | | | | | | |
| 17. TRIPURA | 2 | | | 2 | | | | |
| TOTAL | 490 | 336 | 11 | 29 | 15 | 5 | 16 | |

**उत्तर**

**(1962 में हुए तीसरी लोक सभा चुनावों के परिणाम )**

1. लोक सभा में उत्तर प्रदेश के सांसद सबसे अधिक है, क्योंकि यहाँ की जनसंख्या अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है।
2. मणिपुर और त्रिपुरा राज्यों के सांसदों की संख्या सबसे कम है।
3. कांग्रेस ने सभी राज्यों में सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं।

**संसद में पूछे गए एक प्रश्न का उदाहरण**

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2007
दिनांक 30 नवम्बर 2007 को उत्तर के लिए
विद्यालयों में 'जंक फूड'

2007. श्री सालरापट्टी कुप्पुसामी खारवेन्तन:
क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) : क्या नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स (एन.सी.पी.सी.आर.) ने सभी राज्य सरकारों से विद्यालयों में 'जंक फूड' पर प्रतिबंध लगाने तथा पोषण मानक विकसित करने को भी कहा है;

(ख) : यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) : क्या केंद्र सरकार ने राज्यों द्वारा उपर्युक्त मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया है; और

(घ) : यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर– महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री

(क) और (ख) : जी, नहीं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने राज्यों को पत्र भेजकर उनसे कहा कि वे विद्यालय पोषण नीति तैयार करने के लिए विद्यालयों को दिशा-निर्देश जारी करने के विषय में विचार करें।

(ग) और (घ) : प्रश्न नहीं उठता।

**स्रोत :** http: loksabha.nic.in

**प्रश्न 12.**

उपरोक्त प्रश्न के माध्यम से महिला और बाल विकास मंत्री से क्या जानकारी माँगी जा रही है? अगर आप सांसद होते तो कौन-से दो सवाल पूछते? ।

**उत्तर**

**स्कूलों में जंक फूड पर पाबंदी लगाने के लिए सरकार ने कौन-कौन से कदम उठाए हैं?**

1. जिन स्कूलों ने जंक फूड पर पाबंदी नहीं लगाई है, उनको दंड देने का क्या प्रावधान किया गया है।
2. यदि जंक फूड खाने से किसी छात्र की मृत्यु हो जाती है तो उसके माता-पिता को कितनी क्षतिपूर्ति दी जाएगी उसका प्रावधान किया गया है।

**प्रश्न 13.**

इस तालिका को देखने के बाद क्या आप यह कह सकते हैं कि पिछले 50 सालों में चुनाव में जनता की सहभागिता कम हुई है या बढ़ी है या शुरुआती वृद्धि के साथ प्रायः स्थिर रही है? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-39]

| लोक सभा | चुनाव वर्ष | मतदान प्रतिशत |
|---|---|---|
| पहली | 1951-52 | 44.87 |
| चौथी | 1967 | 61.04 |
| पाँचवीं | 1971 | 55.27 |
| छठी | 1977 | 60.49 |
| आठवीं | 1984 | 63.56 |
| दसवीं | 1991 | 56.73 |
| चौदहवीं | 2004 | 58.07 |
| स्रोत : www.eci.gov.in. | | |

**उत्तर**

जनता की सहभागिता में उतार-चढ़ाव आए हैं।

**प्रश्न 14.**

आपको संसद में महिलाओं की कम संख्या का क्या कारण समझ में आता है? चर्चा करें। [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-40]

**उत्तर**

**संसद में महिलाओं की कम संख्या के कारण**

1. महिलाओं को उनके परिवार वालों से राजनीति में आने के लिए कम समर्थन मिलता है।
2. महिलाओं की राजनीतिक में स्वयं की रुचि कम है।
3. राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण भी महिलाओं की कमी का कारण है।

## प्रश्न-अभ्यास

## ( पाठ्यपुस्तक से)

**प्रश्न 1.**

राष्ट्रवादी आंदोलन ने इस विचार का समर्थन किया कि सभी वयस्कों को मत देने का अधिकार होना चाहिए?


**उत्तर**

**सभी वयस्कों को मताधिकार दिए जाने के कारण-**

1. सभी वयस्क नागरिकों को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने के लिए।
2. लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी और सहमति को महत्त्व दिया जाता है।
3. नागरिकों की भागीदारी और सहमति सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से हो सकती थी।

**प्रश्न 2.**

बगल में 2004 के संसदीय चुनाव क्षेत्रों का नक्शा दिया गया है। इस नक्शे में अपने राज्य के चुनाव क्षेत्रों को पहचानने का प्रयास करें। आपके चुनाव क्षेत्र के सांसद का क्या नाम है? आपके राज्य से संसद में कितने सांसद जाते हैं? कुछ निर्वाचन क्षेत्र को हरे और कुछ को नीले रंग में क्यों दिखाया गया है?




**उत्तर**

**संसदीय चुनाव क्षेत्रों का मानचित्र-**

1. विद्यार्थी जिस राज्य, जिस चुनाव क्षेत्र से आते हैं उसी के अनुसार स्वयं उत्तर दें।
2. हरे रंग के निर्वाचन क्षेत्र को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है।
3. नीले रंग के निर्वाचन क्षेत्र को अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किया गया है।

**प्रश्न 3.**

अध्याय 1 में आपने पढ़ा था कि भारत में प्रचलित 'संसदीय शासन व्यवस्था' में तीन स्तर होते हैं। इनमें से एक स्तर संसद ( केंद्र सरकार ) तथा दूसरा स्तर विभिन्न राज्य विधायिकाओं (राज्यों सरकारों) का होता है। अपने क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधियों से संबंधित सूचनाओं के आधार पर निम्नलिखित तालिका को भरें-

| | राज्य सरकार | केंद्र सरकार |
|---|---|---|
| कौन सा/से राजनीतिक दल अभी सत्ता में है/हैं? | | |
| आपके क्षेत्र से निर्वाचित प्रतिनिधि कौन हैं? | | |
| अभी कौन सा राजनीतिक दल विपक्ष में है? | | |
| पिछले चुनाव कब हुए थे? | | |
| अगले चुनाव कब होंगे? | | |
| आपके राज्य से कितनी महिला प्रतिनिधि हैं? | | |

**उत्तर**

| राज्य सरकार | केंद्र सरकार |
|---|---|
| (*i*) छात्र अपने राज्य के अनुसार स्वयं करें। | यू.पी.ए. सरकार |
| (*ii*) अपने निर्वाचन क्षेत्र अनुसार छात्र स्वयं करें। | अपने लोक सभा क्षेत्र के अनुसार छात्र स्वयं करें। |
| (*iii*) अपने राज्य के अनुसार छात्र स्वयं करें। | भारतीय जनता पार्टी |
| (*iv*) अपने राज्य के अनुसार छात्र स्वयं करें। | 2009 में |
| (*v*) अपने राज्य के अनुसार छात्र स्वयं करें। | 2014 में |
| (*vi*) अपने राज्य के अनुसार छात्र स्वयं करें। | अपने राज्य के अनुसार छात्र स्वयं करें। |